राम ही जाने | By Tejaswini Sharma |

राम ही जाने
राम की राम ही जाने

सूरज चंदा तारे उसके
धरती आसमान
दिन भी उसका रात भी उसकी
उसकी सुबह और शाम
राम की राम ही जाने राम

संत जनों की रक्षा हेतु
धनुष राम ने धारा
दुष्टों का संहार किया
भक्तों को पार उतारा
पहले था ना आगे होगा
जैसे राजा राम
दिन भी उसका रात भी उसकी
उसकी सुबह और शाम
राम की राम ही जाने राम

आदर और सत्कार बड़ों का
मात-पिता की पूजा
प्राण जाए पर वचन न जाए
यही उदाहरण दूजा
नहीं भाई कोई लक्ष्मण जैसा
रही सती बनवास
दिन भी उसका रात भी उसकी
उसकी सुबह और शाम
राम की राम ही जाने राम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-tejaswini-sharma/